बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांक :– 6/प्राक्क01–1153/2024– 390(आ०) पटना – 15 ,दिनांक :– 18/02/2026

सेवा में,

प्रशासनिक पदाधिकारी,
बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन,
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना।

विषय – वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना (गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र) के तहत सुपौल जिलान्तर्गत भू–जल स्तर में गिरावट एवं लौह प्रभावित छातापुर प्रखंड अंतर्गत 23 पंचायतों के 63 गाँवों के 318 वार्डों में पेयजलापूर्ति की विद्यमान व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण हेतु बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना योजना के निर्माण एवं पाँच वर्षों के रख–रखाव एवं परिचालन हेतु **₹2276.79640** लाख (बाईस करोड़ छिहत्तर लाख उनासी हजार छः सौ चालीस रूपये) मात्र की विमुक्ति।

प्रसंगः विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–6/प्राक्क01–1153/2024–1336 दिनांक–04.08.2025

महाशय,

वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना (गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र) के तहत सुपौल जिलान्तर्गत भू–जल स्तर में गिरावट एवं लौह प्रभावित छातापुर प्रखंड अंतर्गत 23 पंचायतों के 63 गाँवों के 318 वार्डों में पेयजलापूर्ति की विद्यमान व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण हेतु सुरसर नदी के सतही जल के उपयोग से 27 MLD (पार्ट–I) एवं 4 MLD (पार्ट–II) क्षमता के बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के निर्माण तथा पांच वर्षों तक रख–रखाव एवं परिचालन हेतु विभागीय पत्रांक–6/प्राक्क01–1153/2024–1336 दिनांक–04.08.2025 के द्वारा **320.1001 करोड़ रूपये** (तीन अरब बीस करोड़ दस लाख एक हजार रूपये) मात्र की योजना पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–6/प्राक्क01–1153/2024–1336 दिनांक–04.08.2025 द्वारा स्वीकृत राशि के विरूद्ध वर्ष 2025–26 में सुपौल जिलान्तर्गत भू–जल स्तर में गिरावट एवं लौह प्रभावित छातापुर प्रखंड अंतर्गत 23 पंचायतों के 63 गाँवों के 318 वार्डों में पेयजलापूर्ति की विद्यमान व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण हेतु बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु सामान्य मद एवं अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के लघु शीर्ष से निम्न तालिका के अनुसार कुल **₹2276.79640** लाख **(बाईस करोड़ छिहत्तर लाख उनासी हजार छः सौ चालीस रूपये)** मात्र बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पी0एल0 खाता से CFMS Module के तहत् विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

क्र.	प्रमंडल का नाम	एकरारनामा संख्या	कार्यपालक अभियंता का पत्रांक/ दिनांक	विमुक्त राशि (लाख रूपये में)			
				सामान्य	अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना	कुल राशि	(शब्दों में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	सुपौल	SBD-07/25-26	पत्रांक–260 दि0–09.02.26	1900.00	376.79640	**2276.79640**	बाईस करोड़ छिहत्तर लाख उनासी हजार छः सौ चालीस रूपये मात्र।

3. अनुरोध है कि राज्य के गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था हेतु प्रासंगिक स्वीकृत्यादेश के तहत योजना के निर्माण हेतु बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पी0 एल0 खाता से CFMS Module के तहत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल को उपर्युक्त तालिका के स्तम्भ–7 में अंकित राशि विमुक्त की जाय।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

ज्ञापांक :– 6/प्राक्क01–1153/2024–390(मा0) पटना – 15 ,दिनांक :– 18/02/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(i) बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना (गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र) के लिए CFMS Module के तहत् पी0 एल0 खाता के माध्यम से उक्त विमुक्त राशि से स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन पर व्यय किया जायेगा।

(ii) इस योजना पर होने वाला व्यय स्वीकृत राशि तक सीमित रहेगा तथा किसी भी हाल में इस राशि का व्यय अन्य मदों पर नहीं किया जायेगा।

(iii) इस राशि का उपयोग शीघ्र सुनिश्चित कर व्यय की गई राशि एवं उससे कृत कार्यों के संबंध में उपयोगिता प्रमाण–पत्र मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

(iv) उप आवंटन का अर्थ व्यय की स्वीकृति नहीं है। भली भाँति जाँच कर वित्तीय नियमों के अनुरूप निकासी एवं व्ययन की जाय।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

ज्ञापांक :– 6/प्राक्क01–1153/2024–390(मा0) पटना – 15 ,दिनांक :– 18/02/2026

प्रतिलिपि– सदस्य सचिव, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रतिलिपि–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/ सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अभियन्ता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/मुख्य अभियन्ता (अनुश्रवण)/ मुख्य अभियंता रुपांकण के प्रावैधिक सचिव/विशेष पदाधिकारी/ अधीक्षण अभियन्ता (मो0)/कार्यपालक अभियन्ता (मो0)/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल संख्या–10/ उप निदेशक (मू0) को अतिरिक्त दो प्रतियों सहित/ कार्यपालक अभियन्ता (मो0/मू0)/ प्रशाखा पदाधिकारी–6 एवं 12/ आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, प्रक्षेत्र–पूर्णियाँ/ अधीक्षण अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)